**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 17 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

**1. केंद्र सरकार ने कहा - खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक और जहाज सुरक्षित, देश में पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं ।**

**2. किसानों को समय पर दावों का भुगतान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया गया।**

**3. हरियाणा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर बाजरे की बिक्री करने वाले किसानों की भरपाई की ।**

**4. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है।**

**5. हरियाणा सरकार ने नगर पालिका जुलाना के अध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कार्रवाई की।**

*******************************************************************

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक और जहाज सुरक्षित हैं। श्री सिन्हा ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी देशों से 161 भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि दूसरा एलपीजी वाहक-नंदा देवी आज तड़के गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि दोनों एलपीजी वाहकों- शिवालिक और नंदा देवी से माल उतारने का काम चल रहा है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

सुश्री सुजाता ने कहा कि सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पाइप-लाइन वाली प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पाइपलाइन बिछाने के लिए लंबित अनुमतियों को स्वतः स्वीकृति दे दी जाए और नए आवेदनों को 24 घंटे के भीतर मंजूरी दी जाए।

*************************************************************

सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानों को समय पर दावों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया है। आज लोकसभा में पूरक

प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब यदि बीमा कंपनियां 21 दिनों के भीतर दावों का निपटान करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें भी कृषि संबंधी दावों पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा। श्री चौहान ने कहा यदि राज्य सरकारें भी दावा प्रक्रिया में देरी करती हैं, तो उन्हें किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि किसान, दावा निपटान से संबंधित अपनी शिकायतों के लिए कृषि रक्षक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। श्री चौहान ने एकीकृत खेती और छोटे किसानों के लाभ के बारे में भी बताया।

*******************************************************

केंद्र सरकार ने साफ किया है कि एल पी जी बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण सिर्फ़ उन LPG ग्राहकों के लिए ज़रूरी है जिनका प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि जो ग्राहक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नहीं आते और जिन्होंने पहले ही बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण करवा लिया है, उन्हें इसे दोबारा करवाने की ज़रूरत नहीं है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत ग्राहकों को यह काम हर वित्तीय वर्ष में सिर्फ़ एक बार और वह भी सिर्फ़ 7 रिफिल के बाद 8वीं और 9वीं रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी पाने के लिए करना होता है। आधार प्रमाणीकरण घर बैठे-बैठे आसानी से और मुफ़्त में किया जा सकता है, और इससे रिफिल की आपूर्ति पर किसी भी तरह का कोई असर नहीं पड़ता है।

*******************************************************

हरियाणा सरकार ने राज्य के उन 1 लाख 57 हजार 455 किसानों की भरपाई कर दी है जिनको बाजरा बिक्री में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम बाजार मूल्य मिला है। उनको 575 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भरपाई की राशि का भुगतान किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों द्वारा पंजीकरण के समय गलत बैंक खाता विवरण प्रस्तुत किए जाने के कारण अभी तक 601 किसानों की राशि का भुगतान लंबित है। किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपने बैंक खाता विवरण सही करने के लिए लगातार संदेश भेजे जा रहे हैं। बैंक खाता विवरण सही होने पर बकाया किसानों का भी भुगतान कर दिया जाएगा।

*******************************************************

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने के लिए विश्व भर में उत्साह बढ़ रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि जब मुक्त व्यापार समझौते लागू हो जाएंगे, तो भारतीय निर्यातकों के लिए व्यापक अवसर सृजित होंगे।

**************************************************************

हरियाणा सरकार ने नगर पालिका जुलाना के अध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कार्रवाई की है। बजट सत्र के दौरान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सदन को बताया कि राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा संजय कुमार के खिलाफ 16 अगस्त 2025 को मामला दर्ज किया गया, सरकार ने संजय कुमार को उसी दिन निलंबित कर दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधान को पहले ही निलंबित किया जा चुका है ऐसी स्थिति में इस स्तर पर संपूर्ण नगर पालिका को भंग किया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। मंत्री ने कहा कि आगे की कार्रवाई कानून के अनुसार सुनिश्चित की जाएगी।

*****************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि फ़िरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तावडू में एक नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री बजट सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब में बताया कि जिला नूंह में दो सरकारी नशा मुक्ति केन्द्र कार्यरत हैं। शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज , नल्हड़ में 10 तथा जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में 17 बेड नशा मुक्ति के लिए आने वाले मरीजों के लिए आरक्षित हैं।

*********************************

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में "अतुल्य भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय लोक नृत्य महोत्सव का दूसरा दिन रंग, उत्साह और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर ने आज कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

मीडिया से बातचीत में धर्मवीर मिर्जापुर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की गौरवशाली परंपराओं, विविध संस्कृतियों और समृद्ध विरासत से सीखने का उत्सव है।

********************************************************************